>

Title: Need to ensure supply of unpolluted water from Punjab to Rajasthan.

**श्री भरत राम मेघवाल (श्रीगंगानगर):** राजस्थान राज्य को पंजाब से आने वाले दूषित पानी के संबंध में पंजाब स्टेट पोलूशन कंट्रोल बोर्ड की एक्शन टेकन रिपोर्ट, जो केन्द्रीय पोलूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा चिन्हित बिन्दुओं पर आधारित है, के संबंध में भारत सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। राजस्थान वॉटर रिसोर्स विभाग व पंजाब स्टेट पोलूशन कंट्रोल बोर्ड तथा केन्द्रीय पोलूशन कंट्रोल बोर्ड की संयुक्त टीम ने माना है कि पंजाब से राजस्थान को मिलने वाला पानी दूषित है। सतलुज नदी के पानी में बुड्ढानाला, औद्योगिक इकाइयों, होजरी, रोलिंग मिल्स से निकलने वाला गंदा पानी मिश्रित है। पंजाब स्टेट पोलूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा दी गई हिदायतों का औद्योगिक इकाइयों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। राजस्थान में हरीके बैराज से मिलने वाला पानी राजस्थान के आठ जिलों के निवासियों को तरह-तरह की बीमारियां दे रहा है। वक्त की आवश्यकतानुसार पानी को दूषित करने वाली इकाइयों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए।

संक्षेप में, मैं उन बिन्दुओं की ओर भी सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा जो पंजाब पोलूशन कंट्रोल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा है ः

1. सतलुज नदी में 35 म्युनिसिपल कमेटियों तथा अन्यों द्वारा अनट्रिटेड वॉटर छोड़ा जाता है।
2. केन्द्रीय पोलूशन बोर्ड के मापदण्डों के अनुरूप चमड़ा उद्योग पानी का ट्रीटमेंट नहीं करते।
3. राजस्थान को मिलने वाला पानी केन्द्रीय पोलूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नहीं है।

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि पंजाब स्टेट पोलूशन कंट्रोल बोर्ड को आवश्यक हिदायतें दें कि वह ः

1. लुधियाना, जालन्धर, फगवाड़ा, सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट मापदण्डों के अनुरूप कार्य करें।
2. सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट अपनी पूरी क्षमता से कार्य करें।
3. औद्योगिक इकाइयों व पॉवर प्लान्टस में ट्रीटेड वेस्ट वॉटर का ही प्रयोग करे।
4. सतलुज और व्यास नदी में अनट्रीटेड वॉटर नहीं डाला जाए।
5. पंजाब वेस्ट वॉटर को एस.टी.पी. तथा सी.ई.टी.पी. में अवश्य भेजा जाए। पानी का ट्रीटमेंट होने के पश्चात ही नदी में जाने वाले नालों में डाला जाए।
6. पंजाब स्टेट पोलूशन कंट्रोल बोर्ड सभी संबंधित ऍथारिटीस को सम्मिलित करते हुए सतलुज और व्यास नदी को पोलूशन मुक्त करे।

राजस्थान सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है कि पंजाब से मिलने वाला पानी केन्द्रीय पोलूशन कंट्रोल बोर्ड के मानकों के अनुरूप हो। मैं पंजाब सरकार से भी गुजारिश करता हूं कि राजस्थान सरकार द्वारा सुझाए गए बिन्दुओं पर विचार करें।